
हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 23 अगस्त, 2025

तापमान
अधिकतम 37 .2 डिग्री
न्यूनतम 24 .9 डिग्री

12 कई ट्यूबवेलों से सबमर्सिबल की केबल काट ले गए चोर



12 शहीद मेजर की पुण्य तिथि पर 65 छात्रों ने किया रक्तदान



## खबर संक्षेप

### करनाल लघु सचिवालय में मोबाइल फोन बैन

**करनाल।** डीसी ऑफिस से एक बड़ा आदेश जारी हुआ है। मिनी सचिवालय में अब किसी भी कर्मचारी को ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी। अधिकारियों ने कहा कि यह कदम कार्यक्षमता बढ़ाने और गोपनीय जानकारी लीक होने से बचाने के लिए उठाया गया है। डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि अब कर्मचारी मोबाइल फोन या तो सिटी मजिस्ट्रेट ऑफिस में या फिर संबंधित ब्रांच प्रमुख के पास जमा करेंगे। केवल 24 कर्मचारियों को छूट दी गई है जिन्हें पोर्टल पर लॉगिन और ओटीपी सर्टिफिकेशन के लिए मोबाइल जरूरी है। डीसी ने कहा कि कई बार रिपोर्ट मिली थी कि कर्मचारी ड्यूटी के दौरान इंस्टाग्राम रील्स देखने और सोशल मीडिया पर समय बर्बाद करने में लगे रहते हैं। इससे ऑफिस का काम प्रभावित हो रहा था। इसी कारण मोबाइल बैन का आदेश लागू किया गया है।

### निजी कंपनी के यार्ड से टायर व डीजल की चोरी

**शहजादपुर।** गांव कक्कड़ माजरा के पास स्थित इनटेक इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड में चोरी की बड़ी वारदात हो गई। नेशनल हाईवे-344 के पास कंपनी के यार्ड से चोरों ने दो गाड़ियों के रिम सहित कुल 11 टायर और करीब 550 लीटर डीजल चोरी कर लिया। वीरवार रात करीब एक बजे 8-10 चोरों ने पहले गाड़ी से 8 टायर, एक स्टेपनी और 300 लीटर डीजल और दूसरी गाड़ी से 3 टायर और 250 लीटर डीजल चोरी किया। कंपनी के मैनेजर अशोक पांडे ने बताया कि कंपनी का यार्ड 2017 से यहां स्थित है। यहां लगभग 250 मजदूर कार्यरत हैं। कंपनी की ओर से रेलवे ब्रिज बनाए जाते हैं। कुछ दिनों पहले ही कंपनी ने एक नई ट्रेलर गाड़ी खरीदी थी जो लोडिंग कार्य में प्रयोग होती है। रोजाना की तरह वीरवार रात करीब 10 बजे गाड़ी यार्ड में खड़ी की थी। इसके बाद चोर आए और गाड़ी से रिम और टायर लेकर फरार हो गए।

## यमुनानगर सिविल अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत

# डॉक्टरों पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए किया हंगामा

### गड्ढे में बाइक फंसने से घायल हुआ था युवक नितिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझा कर किया शांत



**यमुनानगर।** सिविल अस्पताल में मामले की जानकारी देते मृतक युवक के परिजन व मृतक युवक नितिन का फाइल फोटो।

कस्बा व्यासपुर में वीरवार दोपहर को सड़क हादसे में घायल हुए 19 वर्षीय नितिन की सिविल अस्पताल में देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई।

परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझा कर शांत किया। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार सुबह शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

व्यासपुर निवासी हरमीत सिंह ने बताया कि उसका पौता नितिन आईटीआई की पढ़ाई कर रहा था। वीरवार को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे नितिन गांव मारवांकला के पास बाइक से जा रहा था। रास्ते में गड्ढे में टायर फंसने से वह नीचे गिर गया। जिससे उसके कूल्हे में फ्रैक्चर हो गया। जब उन्हें इस बात की सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने उसे व्यासपुर में ही अस्पताल में दिखाया। मगर वहां पर उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। जिसके बाद वह उसे यमुनानगर सिविल अस्पताल में लेकर आए। उसने बताया कि हादसे के बाद नितिन को कूल्हे में चोट आई थी लेकिन वह ठीक था। अस्पताल में नितिन ने दर्द की शिकायत की, जिसके बाद डॉक्टर ने उसे इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगते ही नितिन का शरीर ठंडा पड़ गया और उसकी आंखें बाहर निकल आई। उन्होंने डॉक्टर को इसकी सूचना दी लेकिन डॉक्टर ने इसे सामान्य बताते हुए सलाह दी कि उसे प्राइवेट अस्पताल ले जाएं क्योंकि यहां पर हड्डी रोग विशेषज्ञ सुबह आएंगे। जब वह उसे निजी अस्पताल में लेकर गए तो वहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए किसी दूसरे अस्पताल में ले जाने की बात कही। इसके बाद वह उसे दूसरे निजी अस्पताल में लेकर गए तो वहां पर डॉक्टरों ने चैक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इससे गुस्साए परिजन सिविल अस्पताल पहुंचे।

उन्होंने डॉक्टरों पर लापहरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को शांत किया। पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

**मामले की जांच**

व्यासपुर थाना के जांच अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# हत्या के तीन दोषियों को आजीवन कठोर कारावास

- तीनों दोषियों पर 25-25 हजार रुपये जुर्माना लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने हत्या करने के आरोपी कमल वासी दबखेडी जिला कुरुक्षेत्र, विनय खेडी दमकन जिला सोनीपत व सूरज यादव दिलावरी जिला बरेली को आजीवन कठोर कारावास व जुमार्ने की सजा सुनाई है।

1 अक्टूबर 2023 को थाना कृष्णा गेट पुलिस को दी शिकायत में जय सिंह वासी तितरम जिला कैथल ने बताया कि वह पीडब्लयूडी विभाग से रिटायर है। उसका लड़का पवन कुमार उम्र करीब 31 वर्ष शादी होने के बाद दोनों पति पत्नी में त्लाक होने के कारण अकेला उसके पास रहता था और मेहनत मजदूरी करने के लिये कुरुक्षेत्र में आता जाता था। 1 अक्तूबर 2023 की सुबह उसके रिश्तेदार ने सूचना दी कि उसका लङका पवन कुमार मैसर्ज सुरेन्द्र सिंह पेट्रोल पम्प कुरुक्षेत्र के सामने छटी पातशाही गुरुद्वारा कुरुक्षेत्र के पास मृत अवस्था में पङा है। सूचना पाकर वह अपने रिश्तेदारों के साथ कुरुक्षेत्र पहुंचा। चैक करने पर उसके लङके पवन कुमार के शरीर पर पेट में, छाती में व जांघ पर नुकीली चीज से चोट मारी हुई थी।

उसके सिर में भी चोट के निशान थे। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके जांच की गई। तफ्तीश के दौरान आरोपी कमल, विनय व सूरज यादव को गिरफ्तार करके कारागार भेज दिया था। मामले की नियमित सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी कमल वासी दबखेडी जिला कुरुक्षेत्र, विनय खेडी दमकन जिला सोनीपत व सूरज यादव दिलावरी जिला बरेली को दोषी करार देते हुए आजीवन कठोर कारावास व 25/25 हजार रुपये जुर्माना तथा न भरने की सूरत में 3 माह के अतिरिक्त साधारण कारवास की सजा सुनाई है।

## दो दिन से लापता युवक का शव बरामद

**कुरुक्षेत्र।** सुनहेड़ी खालसा रोड पर एक 26 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ है। युवक 2 दिन से लापता था। मृतक की पहचान समसीपुर के रविंद्र उर्फ रवि उर्फ भोलू के रूप में हुई है। रवि प्लम्बर का काम करता था। करीब 2 महीने पहले ही उसने इस्माइलाबाद की रहने वाली लड़की से लव मैरिज की थी। गुरलाभ सिंह ने बताया कि उसका बेटा रवि 20 अगस्त सुबह करीब 9 बजे अपनी बाइक पर काम के लिए घर से निकला था। देर रात तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। कल रात वे पुलिस स्टेशन में उसकी गुमशुदगी दर्ज करवाने के लिए गए थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि सुनहेड़ी खालसा के रजबाहे के पास कोई लाश पड़ी है। गुरलाभ सिंह बताया कि वे पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे तो पुलिस ने उनसे शव की पहचान कराई। ये शव उसके बेटे रवि का था। पुलिस जांच में रवि की मौत जहरीला पदार्थ खाने से होने की आशंका जताई जा रही है। रवि के शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं मिला है। परिजनों ने किसी पर कोई शक नहीं जताया है।

# बिष्ट के हत्यारोपियों को घुमाया सरेबाजार

- लूट के इरादे से की गई थी ढाबे पर काम करने वाले उत्तराखंड के युवक साहिल की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



**शहजादपुर** मुख्य बाजार में आरोपियों की परेड करवाती पुलिस।

राष्ट्रीय राजमार्ग 344 पंचकूला यमुनानगर मार्ग पर पर स्थित ढाबे पर काम करने वाले उत्तराखंड के साहिल बिष्ट की हत्या मामले में पकड़े गए तीन आरोपियों की पुलिस ने मुख्य बाजार में शुक्रवार को परेड करवाई। इस दौरान थाना प्रभारी सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

एसएचओ शहजादपुर अशोक कुमार ने बताया कि 13 अगस्त की रात को लूटपाट के इरादे से मोटरसाइकिल सवार युवकों ने हाइवे स्टार ढाबा पर काम करने वाले साहिल बिष्ट पर लूट के इरादे से हमला किया था। आरोपियों ने साहिल को चाकू मार दिया था जिसके कारण बाद में उसकी मौत हो गई। उक्त मामले में तीन आरोपियों को पकड़ा गया है। इनकी उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मुख्य बाजार में परेड करवाई गई है। थाना प्रभारी ने कहा कि इस परेड का मुख्य उदेश्य लोगों को जागरूक करना था कि जो व्यक्ति अपराध की दुनिया मे कदम रखता है उसका जीवन इसी प्रकार अंधकार की ओर चला जाता है। साहिल बिष्ट की आरोपियों ने तब चाकू मारकर हत्या कर दी थी जब वह ढाबे पर काम खत्म कर किराये के कमरे पर जा रहा था। ढाबे के मैनेजर पंकज कुमार ने पुलिस को शिकायत थी कि दो मोटर साइकिलों पर सवार चार आरोपियों टिहरी गढ़वाल के रहने वाले साहिल से पैसे छीनने का प्रयास किया था। विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी चाकू मार कर हत्या कर दी।

**सीएम ने की थी बात**

बता दें कि उत्तराखंड के सीएम ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी से बात की थी। इसी आधार पर आरोपियों को काबू करने के लिए पुलिस की ओर से स्पेशल टीम बनाई गई थी। सीआईए वन ने आरोपियों को काबू किया है।

## युवती से 7.16 लाख रुपये की साइबर ठगी

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने गांव पंजेटो निवासी पोरशिया रानी को कंपनी में निवेश कर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर सात लाख 16 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव पंजेटो निवासी पोरशिया रानी ने शिकायत में बताया कि वह पंचकुला ने नौकरी करती है। वर्ष 2023 में उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। आरोपी ने उसे कहा कि वह अगर कंपनी में पैसा निवेश करना चाहती है तो उसे बैंक से अधिक बयाज मिलेगा। आरोपी ने उसे पैसे निवेश करने पर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर उसे बातों में उलझा लिया। इसके बाद ठगों ने उसे अगल-अलग मोबाइल नंबरों से संपर्क करके जनवरी 2023 से अप्रैल 2023 के बीच उससे सात लाख 16 हजार रुपये अलग-अलग बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए। मगर इसके बाद जब उसने आरोपियों के मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया तो वह नंबर बंद मिले। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

## दूसरी कक्षा की छात्रा ने लगाया हेडमास्टर पर छेड़छाड़ का आरोप

- हेडमास्टर पर पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

असंध थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली दूसरी कक्षा की छह वर्षीय बच्ची ने स्कूल के हेडमास्टर पर छेड़छाड़ का गंभीर आरोप लगाया है। घटना 18 अगस्त की बताई जा रही है।

बच्ची के परिवार के अनुसार, वह करीब ढाई महीने बाद स्कूल गई थी। छुट्टी का समय था और बच्ची टिफिन रखने के लिए क्लास से बाहर गई, तभी कथित रूप से यह घटना हुई। घर पहुंचने के बाद बच्ची ने अपनी मां को पूरी घटना बताई। इसके बाद मां तुरंत स्कूल पहुंची और हेडमास्टर से झगड़ा भी किया। परिजनों ने असंध महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने 21 अगस्त की देर रात हेडमास्टर पर पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस जब बच्ची से बयान ले रही थी, तब वह कभी "बैड टच" की बात करती तो कभी "थप्पड़ मारने" का जिक्र करती। इस उलझन को देखते हुए पुलिस ने बच्ची को करनाल स्थित बाल कल्याण समिति कार्यालय में भेजा, जहां विशेषज्ञ काउंसलर उससे बातचीत कर रहे हैं। महिला थाना प्रभारी एसआई सुनीता ने बताया कि फिलहाल बच्ची की सुरक्षा और मानसिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए सतर्कता बरती जा रही है।

## शुभम की हत्या पर परिजनों का धरना पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

**करनाल।** चौरा खालसा गांव के 16 वर्षीय शुभम की हत्या के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। घटना को दो महीने गुजर चुके हैं लेकिन आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। इसी से नाराज़ होकर मृतक के परिजनों ने शुक्रवार को करनाल लघु सचिवालय के बाहर धरना देकर जोरदार प्रदर्शन किया।परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस जानबूझकर मामले को दबा रही है। मृतक की मां बाली देवी ने कहा कि उन्होंने पहले ही पुलिस को उन लोगों के नाम बताए थे, जो उनके बेटे से रंजिश रखते थे।

यहां तक कि शुभम के मोबाइल और टैब में भी कई सबूत थे, मगर पुलिस ने अब तक उन्हें खंगाला तक नहीं। 29 जून की रात शुभम दूध लेने गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। ग्रामीणों ने बाद में परिजनों को सूचना दी कि वह गांव की सुनसान गली में पड़ा है। मौके पर जाकर उसकी मां ने देखा कि उसके गले पर चोट के निशान थे और प्राइवेट पार्ट पर भी चोट पहुंचाई गई थी। बाली देवी ने पूर्व सरपंच राजेंद्र खुराना उर्फ बिल्ला और राजेंद्र तोमर पर बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि करीब एक साल पहले बेटी से छेड़छाड़ की शिकायत भी राजेंद्र के खिलाफ दी थी, तभी से वह उनके परिवार से रंजिश रखता था।

# करोड़ों की ठगी मामले में पांचवीं एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- ग्लोबल इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड की संचालिका व पति समेत आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज
- आरोपियों ने प्रभजोत को ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर ठगे 15 लाख रुपये

शहर के ग्लोबल इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड की संचालिका द्वारा अपने पति व स्टाफ सदस्यों के साथ युवकों को विदेश भेजने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी मामले में पुलिस ने देर शाम पांचवी शिकायत दर्ज की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ यह मामला शहर के पृथ्वी नगर निवासी प्रभजोत सिंह की शिकायत पर दर्ज किया है। आरोपियों ने उससे आस्टेलिया भेजने के नाम पर 15 लाख रुपये ठगे थे। आरोपियों के खिलाफ पुलिस इससे पहले चार मामले ठगी के दर्ज कर चुकी है। पुलिस ने आरोपियों पर करीब दो माह पहले हुई पहली एफआईआर दर्ज होने पर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

शहर की पृथ्वी नगर निवासी प्रभजोत सिंह ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इसी सिलसिले में वह 26 मार्च को शहर के ग्लोबल इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड के दफ्तर पहुंचा। यहां उसकी मुलाकात फर्म की प्रोपराइटर रमनदीप कौर से हुई। जिसने बताया कि उनकी फर्म का ऑस्ट्रेलिया की कंपनियों से करार है। जहां वह युवाओं को वर्क वीजा पर भेजते हैं। रमनदीप कौर के साथ उसके पति अजीतपाल, बेटे तरणप्रीत, बेटी जसमीत कौर व अजय व प्रदीप ने भी ऑस्ट्रेलिया भेजने का वादा कर 15 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद उसे दिल्ली में एक होटल में भेजा। जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की कंपनी के प्रतिनिधियों से मिलाने की बात कही थी।

**होटल में नहीं मिला कमरा**

पीड़ित युवक दिल्ली गया तो होटल में फर्म की तरह से कोई कमरा बुक नहीं था। काफी इंतजार के बाद भी होटल में न तो उक्त फर्म और न ऑस्ट्रेलिया की कंपनी से कोई प्रतिनिधि आया। जब उसने आरोपियों से बात की तो उनका फोन बंद मिला। वह यमुनानगर लौटकर सीधे ग्लोबल इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड के दफ्तर पहुंचा। वहां पर दफ्तर का ताला लगा हुआ था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अजीत पाल, उसकी पत्नी रमनदीप कौर, बेटे तरणप्रीत व बेटी जसमीत कौर व अजय व प्रदीप के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## अमेरिका भेजने के नाम पर 45 लाख की ठगी

**करनाल।** हैबतपुर गांव में किसान परिवार के साथ बड़ा धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। गांव के ही दो युवकों ने बेटे को अमेरिका भेजने का झांसा देकर 45 लाख रुपये ऐंठ लिए। लेकिन बेटे को अवैध तरीके से डोंकरों के जरिए सीमा पार करवाई गई, जिससे उसे कई महीनों तक प्रताड़ना झेलनी पड़ी।

संदीप ने बताया कि उनका बेटा युवराज इंग्लैंड में स्टडी वीजा पर गया था। इसी दौरान गांव का रोहित उनके घर आया और बताया कि उसका भाई मोहित अमेरिका में रहता है। वह युवराज को इंग्लैंड से अमेरिका स्टडी वीजा दिलवा सकता है। रोहित ने उन्हें भरोसे में लिया और विरेंद्र नामक युवक से मिलवाया। दोनों ने मिलकर 45 लाख रुपये की डील तय की।

## अनाज मंडी के आढ़तियों ने पुलिस में दर्ज करवाई शिकायत

# तरावड़ी के व्यापारी से लाखों रुपये का फ्रॉड किया

- 7 लाख रुपये का धान मंगवाकर आरोपी ने पेमेंट देने से किया मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



**तरावड़ी।** मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता के नेतृत्व में आढ़ती थाना प्रभारी को शिकायत देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

तरावड़ी अनाज मंडी में एक आढ़ती के साथ जीरकपुर के बोगस व्यापारी ने लाखों रुपये का फ्रॉड किया। इस मामले को लेकर आज तरावड़ी मंडी एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता के नेतृत्व में सभी आढ़ती मिलकर फ्रॉड करने वाले के खिलाफ तरावड़ी थाना प्रभारी को शिकायत दर्ज करवाई।

इस अवसर पर मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता ने बताया कि कुछ दिन पहले तरावड़ी के एक आढ़ती मदनलाल के पास पंजाब जीरकपुर से दो लोग व्यापारी बनकर आए और धान की खरीदने के लिए रेट फाइनल करके धान का सौदा किया और टोकन मनी के रूप में 1 लाख भी एडवांस जमा करवा दिया। अगले दिन मदनलाल आढ़ती ने जीरकपुर की एक फार्म के नाम बिल बनाकर लगभग 7 लाख रुपए का धान तरावड़ी की गाड़ी से लोड करवा कर जीरकपुर भेज दिया। माल पहुंचाने के बाद वायदे के अनुसार कुछ दिन के बाद मदनलाल आडती ने उस व्यापारी से बकाया पेमेंट के बारे में जिक्र किया तो उन्होंने बकाया पेमेंट देने से साफ इनकार कर दिया।

यह व्यापारी जीरकपुर मे एक सुपर माल के नाम से शोरूम चलाता है। इस मामले को लेकर तरावड़ी अनाज मंडी के एक आढ़ती इकट्ठे होकर उसके जीरकपुर में उसके शोरूम में पहुंचे। वहां उस व्यापारी ने पैसे देने को साफ मना कर दिया। इस फ्रॉड को लेकर आज सभी आडती भाई इकट्ठे होकर थाना प्रभारी को इसकी शिकायत दर्ज कराई और प्रार्थना की है औा कहा कि उस व्यापारी के खिलाफ कार्यवाही करके जल्द से जल्द मदनलाल आडती की पेमेंट दिलवाई जाए या उसका माल वापसी करवाया जाए।

इस शिकायत पर थाना प्रभारी राजपाल ने आढ़तियों को आश्वासन दिया कि वह जल्द से जल्द इस मामले को सुलझायेगें। इस अवसर पर मंडी के आढ़ती सौरव गर्ग, रामनिवास बंसल, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवम बंसल, सचिन गर्ग व अन्य आढ़ती मौजूद थे।

# जंगली बिल्ली को रेस्क्यू किया, जख्मी होने के चलते करवाया जा रहा उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

- फ्लाइओवर पर दिखाई दी थी जंगली बिल्ली
- वन कर्मियों ने किया रेस्क्यू

शुक्रवार सुबह दोसड़का से वन विभाग ने जंगली बिल्ली का रेस्क्यू किया। जंगली बिल्ली बुरी तरह जख्मी थी। लोगों ने 112 कॉल कर पुलिस को मौके पर बुलाया था । इसके बाद विभागीय कर्मचारियों ने बिल्ली को रेस्क्यू कर पिंजरे में बंद कर उसका उपचार करवाया। जंगली बिल्ली को देखकर अधिकतर लोग उसे तेंदुआ ही समझ रहे थे। इसकी वजह से लोग दहशत में थे। विभाग ने स्पष्ट किया कि यह जंगली बिल्ली है।

शुक्रवार सुबह जंगली बिल्ली दोसड़का के फ्लाइओवर पर दिखाई दी थी । उसे लोगों द्वारा पकड़कर एक पिंजरे में डाल दिया गया। फिर 112 डायल टीम के द्वारा वन विभाग के अधिकारियों को सूचना भेजी गई। इसके बाद वन विभाग की टीम बिल्ली को रेस्क्यू कर साथ ले गई।

जंगली बिल्ली तेंदुए जैसी दिखाई देती है। वन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि यह खतरनाक नहीं होती। मनुष्य को यह नुक्सान भी नहीं पहुंचाती ।



**मुलाना।** रेस्क्यू की गई जंगली बिल्ली।

**स्वस्थ होने पर जंगल में छोड़ेंगे**

सूचना मिलने पर दोसड़का से जंगली बिल्ली का रेस्क्यू किया है। यह खतरनाक नहीं होती । वह घायल थी । उसका इलाज कराया जा रहा है। स्वस्थ होने के बाद उसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा।
**राकेश कुमार, इंस्पेक्टर, वन विभाग।**

खबर संक्षेप

## चोरों ने दो सूने घरों से नकदी और गहने चुराए

**यमुनानगर।** जिले में चोरों ने दो सूने घरों में घुसकर 53 हजार रुपये की नकदी समेत सोने व चांदी के जेवर चोरी कर लिए। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की जम्मू कॉलोनी बी निवासी संतोष ने गांधी नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 21 अगस्त को वह सुबह आठ बजे घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गई थी। शाम को छह बजे जब वह वापस लौटी तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से 50 हजार रुपये व पांच ग्राम सोने की अंगूठी गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, गांव उधमगढ़ निवासी रूबी ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोरों ने 21 अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर एक बजे की बीच में उनके घर में घुसकर सोने की अंगूठी, दो चांदी की अंगूठियां, एक जोड़ी पायल, तीन हजार रुपये व मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

### नगर योजनाकार विभाग ने की कार्रवाई

# अनाधिकृत कॉलोनी में अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा

**जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने जिलेवासियों को अनाधिकृत कालोनियों में प्लाट आदि की खरीद फरोक्त नहीं करने की दी सलाह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। गनौली में अनाधिकृत कालोनी में जिला नगर योजनाकार विभाग का चलता हुआ पीला पंजा। फोटो : हरिभूमि

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा नियंत्रित क्षेत्र गांव गनौली में चार एकड़ में विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनी में किए गए अवैध निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने जिलेवासियों से अनाधिकृत कालोनियों में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोक्त नहीं करने की सलाह दी है। ताकि उनकी मेहतन से कमाए हुए धन की बचत हो सके।

जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि नियंत्रित क्षेत्र छछरौली में पड़ने वाले राजस्व संपदा मौजा गनौली में चार एकड़ में अनाधिकृत कालोनी विकसित की जा रही है। अनाधिकृत कालोनी में अवैध रुप से निर्माण कार्य किया जा रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने उच्चाधिकारियों को मामले के बारे में अवगत करवाया गया। जिसके बाद जिला नगर योजनाकार कार्यालय की टीम ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में जिला प्रशासन द्वारा तैनात किए गए नायब तहसीलदार छछरौली के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ गनौली में विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनी में पहुंचे। इसके बाद जेसीबी की मदद से अनाधिकृत कालोनी में बनाई जा रही सड़कों व अन्य निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया।

**दिए थे नोटिस**

जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि कार्रवाई करने से पहले चूककर्ताओं को नियंत्रित क्षेत्र 41 ऑफ 1963 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई। वहीं, अवैध कालोनी की स्थापना करने से पहले विभाग द्वारा अनुमति नहीं ली गई। जिसके कारण अवैध कॉलोनी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। उन्होंने जनसाधारण से किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोख्त नहीं किए जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि इसके बावजूद कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में प्लाट आदि खरीदकर निर्माण कार्य करता हुआ पाया गया तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा तथा जिला प्रशासन द्वारा उसके विरुद्ध भविष्य में भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



यमुनानगर। गांव गोलनी में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच के लिए पंजीकरण करते हुए स्वास्थ्य जांच टीम के सदस्य।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 154 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा गांव गोलनी व सतगौली में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

नवीन जिंदल फाउंडेशन के तत्वावधान में गांव गोलनी व सतगौली में में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 154 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाईयां दी गई।

सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल द्वारा कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इन शिविरों में मोबाइल मेडिकल यूनिटों में एमबीबीएस डॉक्टरों द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाती हैं। शिविर में रक्त और यूरिन के टेस्ट किए गए। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिंदल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा स्वस्थ कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत लोगों को निःशुल्क दवाइयां, परामर्श और खानपान से संबंधित स्वास्थ्यवर्धक आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके साथ साथ नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना की जानकारी दी जाती है। इस अवसर पर ग्रामीण राकेश कुमार, सतीश, बिट्टू, बिमला, रविश, नरेंद्र व बलबीर आदि लोगों ने शिविर का लाभ उठाया।

## चार युवकों ने 16 वर्षीय लड़के पर चाकू से हमला कर किया घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- आरोपियों पर गला घोटकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया, पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज कर लिया

जठलाना मुर्गी फार्म के पार रंजिश के चलते चार युवकों ने 16 वर्षीय गांव अलाहर निवासी आदित्य पंजेटा पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया।

आरोपियों ने उसका गला घोटकर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने घायल लड़के के पिता की शिकातय पर चारों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव अलाहर निवासी सुखविंद्र सिंह ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 20 अगस्त को उसका लड़का आदित्य जठलाना किसी काम से गया था। जब वह मुर्गी फार्म के पास पहुंचा तो आशीष, कृष राणा, विराज व अक्षय ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके लड़के के आगे अपनी बाइक अड़ा ली। इसके बाद आरोपियों ने जेब से चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया।

जिससे वह घायल हो गया। आरोपियों ने उसका गला घोटकर जान से मारने की धमकी भी दी। उसके लड़के के शोर मचाने पर आरोपी युवक वहां से फरार हो गए। उसके लड़के ने फोन कर उसे घटना के बारे में बताया। उसने मौके पर पहुंचकर अपने लड़के को अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ 115, 118 वन, 127 टू, 190, 191 थ्री, 351 टू बीएनएस के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## हादसे में साइकिल सवार की मौत

**यमुनानगर।** कस्बा बूड़िया गुरुद्वारा के पास देर शाम टैंकर की टक्कर लगने से साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बूडिया निवासी संजीव ने बताया कि उसका भाई प्रदीप मार्केटिंग का काम करता था। वीरवार को प्रदीप साइकिल पर घर से काम पर जा रहा था। जब वह बूडिया गुरूद्वारे के पास पहुंचा तो अज्ञात टैंकर चालक ने प्रदीप की साइकिल में टक्कर मार दी और टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने उसके भाई को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसके भाई की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## नकली उत्पादों की पहचान करना सिखाया

- फसल सुरक्षा उत्पादों के जिम्मेदार उपयोग विषय पर बहादुरपुर में कार्यशाला
- मुख्य वक्ता के रुप में क्रापलाइफ इंडिया नई दिल्ली के विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र कुमार ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

कृषि विज्ञान केंद्र दामला के तत्वावधान में गांव बहादुरपुर में फसल सुरक्षा उत्पादों के जिम्मेदार उपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी उपाय विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप में क्रापलाइफ इंडिया नई दिल्ली के विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र कुमार ने भाग लिया। वहीं, कृषि विज्ञान केंद्र दामला के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. संदीप रावल, डॉ. नरेंद्र गोयल व डॉ. अनुराधा ने की। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में ग्राम प्रधान सुनील सैनी मौजूद रहे।



यमुनानगर। गांव बहादुरपुर में आयोजित कार्यशाला में ग्रामीओं को जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

मुख्य वक्ता डॉ. सुरेंद्र कुमार ने कहा कि किसानों को टिकाऊ खेती, फसल सुरक्षा व नकली कीटनाशक पदार्थों के खतरों से बचाव के लिए जागरुक होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नकली और अवैध उत्पाद न केवल फसलों बल्कि मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा हैं। कार्यशाला के दौरान तकनीकी सत्र, पैनल चर्चा और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिनमें किसानों को नकली उत्पादों की पहचान, उनके नुकसान और वैध उत्पादों के उपयोग पर व्यावहारिक जानकारी दी गई।

**150 ने लिया भाग**

केंद्र के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. संदीप रावल ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उदेश्य किसानों को सुरक्षित कृषि पद्धतियों, खाद्य सुरक्षा व टिकाऊ खेती के लिए जागरूक करना रहा। उन्होंने मौके पर कार्यशाला में पहुंचे मुख्य वक्ता व किसानों का आभार प्रक्ट किया। कार्यशाला के अंत में उपस्थित किसानों ने इसे उपयोगी और मार्गदर्शक बताते हुए ऐसी पहल को नियमित रूप से जारी रखने की मांग की। कार्यशाला में 150 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर किशोर जायसवाल, दीपक जैन, विक्रम गर्ग, सुमन साह, पुष्पेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## जीएसटी का सरलीकरण होने से आम उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ:चौहान

- 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब को किया समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



- भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मेयर मदन चौहान ने किया दावा

यमुनानगर। गोबिंदपुरी मार्ग स्थित कार्यालय में जीएसटी सरलीकरण के लिए केंद्र सरकार का आभार जताते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष मदन चौहान।

भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के हरियाणा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौहान ने कहा कि जीएसटी सरली करण करने और ऑनलाइन गेमिंग पर रोक लगाए जाने से राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। उक्त शब्द शुक्रवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा हरियाणा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मेयर मदन चौहान ने गोबिंदपुरी मार्ग स्थित अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता में बातचीत करते हुए कहे।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष मदन चौहान ने कहा कि भारत की कर प्रणाली और सामाजिक जीवन में हाल ही में लिए गए निर्णय मील का पत्थर साबित हुए हैं। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सक्षम मार्गदर्शन में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी)व्यवस्था को सरल बनाते हुए 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब को समाप्त कर केवल 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत स्लैब का नया ढांचा लागू करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। यह पहल आम उपभोक्ता को सीधी राहत प्रदान करेगी। महंगाई को नियंत्रित करेगी और व्यापार जगत को नई स्फूर्ती देगी।

## युवा पीढ़ी नशे से ग्रस्त होगी तो देश को होगा नुकसान: उपायुक्त

**यमुनानगर।** नशीली दवाओं के दुरुपयोग, अवैध नशातस्करी के खिलाफ एवं लोगों को नशे से मुक्त कराने के लिए प्रशासन एवं सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ताकि लोगों को नशा मुक्ति के लिए जागरुक किया जा सके। इस संबंध में शुक्रवार को जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में लोगों को नशा से बचाव के लिए जागरूक किया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि ड्रग्स बहुत ही भंयकर नशीला पदार्थ होता है। ड्रग्स में ऐसे नशीले रसायन होते हैं जो व्यक्ति के मस्तिष्क को ब्लॉक या दिमाग में रासायनिक प्रतिक्रिया करते हैं। जिससे व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक स्थिति पर प्रभाव पड़ता है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने लोगों को आह्वान किया कि प्रशासन के साथ मिलकर नशीले पदार्थों के खिलाफ हमें अपनी आवाज उठानी चाहिए। नशा करने वाले व्यक्तियों को कैम्पस व कार्यशालाओं के माध्यम से जागरूक करना चाहिए। जिससे वे नशे से बचें। यदि कोई व्यक्ति अधिक नशे आदि के व्यसन में फंस गया हैं तो उसे पुनर्वास या चिकित्सीय सलाह द्वारा भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। इसके साथ ही संतुलित पोषण, व्यायाम व योगा द्वारा भी व्यक्ति का नशे से ध्यान हटाया जा सकता है।

## न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल बिलासपुर के विद्यार्थियों ने कराटे और एथलेटिक्स में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल बिलासपुर के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता व ब्लॉक स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कई पदक जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप ने बताया कि जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में जिले के कई स्कूलों ने भाग लिया था। न्यू हैप्पी स्कूल के छात्रों ने इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई शीर्ष स्थान हासिल किए। इन विजेताओं को अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना गया है, जो उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि अंडर-14 बॉयज में शिवम, अंडर-17 बॉयज में जश्न, अंडर-19 बॉयज में शबद और अंडर-17 गर्ल्स में अमनप्रीत ने अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा



अंडर-14 में अहमद, अंडर-14 गर्ल्स में अक्षिता और ओजस्वी तथा सूची स्मिता ने द्वितीय स्थान हासिल किया। जबकि अंडर-17 में मयंक बिंद्रा को तृतीय स्थान मिला। यह उपलब्धि स्कूल के कराटे प्रशिक्षण की उच्च गुणवत्ता को दर्शाती है। प्राचार्या ने बताया कि इसी तरह 200 मीटर दौड़ में सम्मिलित और युवराज, लंबी कूद में हर्षित ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर एथलेटिक्स में भी स्कूल का नाम रोशन किया। उन्होंने सभी विजेता विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को बधाई दी।

## खैर के पेड़ काटने के आरोप में दो खैर तस्करों पर मामला दर्ज

- पुलिस कर रही है आरोपियों की तलाश

**यमुनानगर।** ताहरपुर के जंगल से खैर के पेड़ काटने के आरोप में पुलिस ने दो खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जांच के दौरान जंगल से खैर के 19 पीस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार कलसिया रेंज छछरौली के वन अधिकारी दिनेश पुनिया ने बताया कि उसे 19 अगस्त को सुबह चार बजे सूचना मिली थी कि गांव ताहरपुर के जंगल से खैर तस्कर खैर की लकड़ी काटकर चोरी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचा। इस दौरान आरोपी खैर तस्कर उन्हें आता देखकर मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान उन्हें जंगल से 19 खैर के बिना छिले टुकड़े बरामद हुए। जिसकी बाजार में कीमत करीब 57 हजार रुपये है। आरोपियों की पहचान हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के गांव पलहौडी निवासी रासीद व जिला यमुनानगर के गांव इब्राहिमपुर निवासी नेकी के रूप में हुई। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी।

## पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी : डॉ.शर्मा



**रादौर।** जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में शुक्रवार को युवा रेडक्रॉस सोसाइटी व एनएसएस की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने अकादमिक ब्लॉक्स और मैदान के आसपास विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। कॉलेज के निदेशक डॉ.विवेक शर्मा ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं और हर छात्र को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को पौधों की देखभाल करने और स्वच्छ हरित कैंपस बनाने का संदेश दिया। मौके पर एनएसएस इंचार्ज उपासना सूद, पूनम कालड़ा, डॉ.आशीष, डॉ.नेहा, नेहा गर्ग, मीनल व हरीश आदि मौजूद थे।

**हवन** कॉलेज के स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने हवन में आहुतियां डाली

**ओरिएंटेशन कार्यक्रम में नए विद्यार्थियों को नियमों के बारे में जानकारी दी**

# हरियाणा इंजीनियरिंग कॉलेज जगाधरी में नए शिक्षा सत्र का हवन के साथ किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- वित्त रजिस्ट्रार मैडम प्रतिभा ने नए विद्यार्थियों को बधाई दी

हरियाणा इंजीनियरिंग कालेज जगाधरी में नए शिक्षा सत्र 2025-26 का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ किया गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ मे कालेज के प्राध्यापकों, प्रबंधक कमेटी के सदस्यों, स्टाफ व विद्यार्थियों ने आहुतियां अर्पित कर नए शिक्षा सत्र की सफलता की कामना की। मौके पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कॉलेज के अकादमिक विभाग के डीन इंजीनियर मनप्रीत सिंह ने बताया कि ओरिएंटेशन कार्यक्रम में नए विद्यार्थियों को संस्थान के विभागों के विभागाध्यक्षों का परिचय करवाया गया। वहीं, कॉलेज के सभी नियमों के पालन करने के बारे में बताया गया। डीन मनप्रीत सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई के साथ साथ अपने चहुमुंखी विकास पर भी ध्यान देना चाहिए। तभी वे एक सम्पूर्ण इंजीनियर बन पाएंगे व अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकेंगे। उन्होंने नए विद्यार्थियों को पढ़ाई के अलावा कॉलेज की अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मौके पर संस्थान की वित्त रजिस्ट्रार मैडम प्रतिभा ने नए विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान विद्यार्थियों को उनके टीचर्स से भी मिलवाया गया और इसके बाद उन्हें उनकी कक्षाओं में भेजा गया। मौके पर नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी भाग लिया।



यमुनानगर। हरियाणा इंजीनियरिंग कॉलेज में नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर आयोजित हवन यज्ञ में आहुतियां अर्पित करते हुए कॉलेज के प्राध्यापक, स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

### विद्यार्थियों ने उद्यम का किया भ्रमण

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र के कक्षा एकादश के वाणिज्य एवं कला संकाय के विद्यार्थियों ने विश्व उद्यमी दिवस के अवसर पर कुरुक्षेत्र स्थित एक स्थानीय उद्यम पे बिंगो का भ्रमण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तविक दुनिया की व्यावसायिक गतिशीलता से परिचित कराना, व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना और उद्यमिता के लिए आवश्यक कौशल जैसे रचनात्मकता, जोखिम-लेना, और नेटवर्किंग को विकसित करने में मदद करना है।

### प्रो. मोहिन्दर बने डीन फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट विभाग के प्रोफेसर मोहिन्दर चांद को 05 सितम्बर से डीन फैकल्टी ऑफ कामर्स एंड मैनेजमेंट नियुक्त किया गया है। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही प्रो. मोहिन्दर चांद कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कोर्ट तथा एकेडमिक काउंसिल के सदस्य होंगे।

### स्वामी विवेकानंद आदर्श रत्न से नवाजी डॉ. रुकमेश

**कुरुक्षेत्र।** महाराष्ट्र की वर्धी वैलनेस फाउंडेशन ट्रस्ट ने शिक्षा के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्यों को देखते हुए विद्वानों एवं विदुषियों के लिए सम्मान-समारोह आयोजित किया गया, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में डॉ. रुकमेश चौहान को उनके राष्ट्रीय, शोध के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान, धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक कार्यों में की गई सेवा को देखते हुए 'स्वामी विवेकानंद आदर्श रत्न सम्मान' से नवाजा गया।

### मोबाइल मेडिकल यूनिट में 158 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा आज हल्का थानेसर के गांव पलवल और अमीन रोड़ पर दिल्ली वाला डेरा में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया। मोबाइल मेडिकल युनिट में, एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई ।

# जल भराव से कुरुक्षेत्र के 70 गांव में लगभग 13240 एकड़ फसल हुई प्रभावित

- उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने सरकार को कुरुक्षेत्र के प्रभावित गांव के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने के लिए लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राजस्व विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जल भराव से कुरुक्षेत्र के करीब 70 गांव में लगभग 13240 एकड़ धान व अन्य फसलों के प्रभावित होने का अनुमान है। इस रिपोर्ट के अलावा अगर किसी किसान की फसल खराब हुई है तो वह राजस्व विभाग के अधिकारियों से मिलकर खराबे की रिपोर्ट दे सकता है। इस सारी रिपोर्ट को सरकार के पास भेजा गया है और कुरुक्षेत्र के प्रभावित गांवों के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने की अपील की गई है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि शाहबाद उपमंडल में करीब 55 गांवों की 9775 एकड़ धान व अन्य फसल, इस्माईलाबाद में 7 गांवों की 2820 एकड़ और पिहोवा के 8 गांवों की लगभग 645 एकड़ धान के अलावा अन्य फसलों का जलभराव से खराब होने का अनुमान लगाया गया है। उन्होंने कहा कि पिहोवा के गांव खंजरपुर में लगभग 140 एकड़ में 25 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल खराब होने की संभावना है। इसी तरह गांव दुनियामाजरा में लगभग 190 एकड़ में 25 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल,गांव अजमतपुर में लगभग 70 एकड़ में 25 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल ,गांव गंगहेडी में लगभग 90 एकड़ में 25 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल,गांव कैन्थला में लगभग 40 एकड़ में 25 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल,गांव मेघामाजरा में लगभग 10 एकड़ में 25 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल, गांव अधोया में लगभग 80 एकड़ में 25 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल, गांव दिवाना में लगभग 10 एकड़ में 25 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल खराब होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस्माईलाबाद के गांव जलबेहडा में लगभग 520 एकड़ में 25 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल खराब होने की संभावना है। इसी तरह गांव नैसी में लगभग 440 एकड़ में 25 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल, गांव रोहटी में लगभग 150 एकड़ में 25 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल, गांव नूरपूरबुची में लगभग 40 एकड़ में 25 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल , गांव ठसका मीराजी में लगभग 850 एकड़ में 25 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल , गांव झांसा में लगभग 1500 एकड़ में 25 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल, गांव टबरा में लगभग 250 एकड़ में 25 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल , गांव छपरा में लगभग 130 एकड़ में 34 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल व लगभग 20 एकड़ में गन्ना 34 से 50 प्रतिशत,गांव छपरी में लगभग 120 एकड़ में 34 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल व लगभग 30 एकड़ में गन्ना 34 से 50 प्रतिशत, गांव जंदहेडी में लगभग 160 एकड़ में 34 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल व लगभग 40 एकड़ में गन्ना 34 से 50 प्रतिशत, गांव मदनपुर में लगभग 90 एकड़ में 34 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल व लगभग 10 एकड़ में गन्ना 34 से 50 प्रतिशत, गांव किशनगढ़ में लगभग 50 एकड़ में 34 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल खराब होने का अनुमान है।

**गुमटी में लगभग 200 एकड़ में 26 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल खराब होने का अनुमान**

गांव गुमटी में लगभग 200 एकड़ में 26 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल व लगभग 25 एकड़ में गन्ना 26 से 50 प्रतिशत,गांव मलिकपुर में लगभग 170 एकड़ में 26 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल व लगभग 5 एकड़ में गन्ना 26 से 50 प्रतिशत,गांव पटटी झामडा में लगभग 173 एकड़ में 26 से 50 प्रतिशत जीरी की फसल व लगभग 15 एकड़ में गन्ना 26 से 50 प्रतिशत, गांव कांकडा शाहबाद में लगभग 500 एकड़ में 49 प्रतिशत जीरी की फसल, गांव रामनगर में लगभग 150 एकड़ में 49 प्रतिशत जीरी की फसल, गांव महीयुद्दीनपुर में लगभग 100 एकड़ में 49 प्रतिशत जीरी की फसल, गांव तंगौर में लगभग 1050 एकड़ में 50 प्रतिशत जीरी की फसल व लगभग 315 एकड़ में गन्ना 30 प्रतिशत, गांव कठवा में लगभग 550 एकड़ में 50 प्रतिशत जीरी की फसल व लगभग 200 एकड़ में गन्ना 50 प्रतिशत,गांव मुगल माजरा में लगभग 310 एकड़ में 50 प्रतिशत जीरी की फसल व लगभग 150 एकड़ में गन्ना 30 प्रतिशत,गांव झरौली खुर्द में लगभग 300 एकड़ में 50 प्रतिशत जीरी की फसल व लगभग 200 एकड़ में गन्ना की फसल 30 प्रतिशत खराब होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि गांव दाउ माजरा में लगभग 100 एकड़ में 33 से 49 प्रतिशत जीरी की फसल खराब होने का अनुमान है। इसी तरह गांव मोहडी में लगभग 100 एकड़ में 33 से 49 प्रतिशत जीरी की फसल, गांव हल्दाहेडी में लगभग 50 एकड़ में 33 से 49 प्रतिशत जीरी की फसल, गांव भोकर माजरा में लगभग 50 एकड़ में 33 से 49 प्रतिशत जीरी की फसल,गांव गोलपुरा में लगभग 50 एकड़ में 33 से 49 प्रतिशत जीरी की फसल,गांव सैदपुर बरवालिया में लगभग 50 एकड़ में 33 से 49 प्रतिशत जीरी की फसल,गांव नाहर माजरा में लगभग 30 एकड़ में 33 से 49 प्रतिशत जीरी की फसल, गांव डीग में लगभग 100 एकड़ में 33 से 49 प्रतिशत जीरी की फसल, गांव ढांगली में लगभग 150 एकड़ में 33 से 49 प्रतिशत जीरी की फसल, गांव जोगी माजरा में लगभग 50 एकड़ में 33 से 49 प्रतिशत जीरी की फसल,गांव सलेमपुर में लगभग 50 एकड़ में 33 से 49 प्रतिशत जीरी की फसल, गांव नारायणगढ़ में लगभग 50 एकड़ में 33 से 49 प्रतिशत जीरी की फसल, गांव काहनगढ में लगभग 50 एकड़ में 33 से 49 प्रतिशत जीरी की फसल,गांव नलवी में लगभग 210 एकड़ में 33 से 49 प्रतिशत जीरी की फसल, गांव राय मजारा में लगभग 100 एकड़ में 33 से 49 प्रतिशत जीरी की फसल, गांव तंगौरी में लगभग 100 एकड़ में 33 से 49 प्रतिशत जीरी की फसल, गांव कलसाना में लगभग 500 एकड़ में 33 से 49 प्रतिशत जीरी की फसल,गांव मोहनपुर में लगभग 100 एकड़ में 33 से 49 प्रतिशत जीरी की फसल, गांव सुरखपुर में लगभग 50 एकड़ में 33 से 49 प्रतिशत जीरी की फसल व गांव ढकाला में लगभग 200 एकड़ में 33 से 49 प्रतिशत जीरी की फसल खराब होने का अनुमान है।

### सीएम विंडो की 11682 शिकायतों में से 11344 शिकायतों का हुआ समाधान

# आमजन की एक-एक शिकायत पर फोकस रखकर करना होगा अधिकारियों को काम

190 शिकायतों पर अधिकारी कर रहे है काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि आमजन की एक-एक शिकायत का निर्धारित समय अवधि के अंदर समाधान करने पर अधिकारियों को विशेष फोकस रखना होगा। इस जिले के हर नागरिक को सरकार की योजना का लाभ मिले और नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं समय पर मिले और समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करने की प्रणाली पर अधिकारियों को काम करना होगा। इस जिले के नागरिकों की समस्याओं के समाधान और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष फोकस है, इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी मेहनत और ईमानदारी के साथ अपनी डयूटी का निर्वहन करे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में सीएम विंडो, जन संवाद, सीपी ग्राम पोर्टल, सोशल मीडिया पोर्टल, समाधान शिविर की शिकायतों को लेकर समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आमजन को मुख्यमंत्री के पास चंडीगढ़ समस्या ना लेकर जाना पड़े, इसके लिए जिला मुख्यालय पर सीएम विंडों सेवाएं आमजन को उपलब्ध करवाई है। इस सीएम विंडो पर अब तक 11682 शिकायतें प्राप्त हुई है, इनमें से 190 शिकायतों पर कार्य किया जा रहा है और 11344 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। इस जिले को सीएम विंडो शिकायतों के निपटान करने के मामले में प्रदेश में टॉप रैंक में लाने के लिए और मेहनत करनी होगी। इस लक्ष्य को अधिकारी 15 सितंबर तक पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए जन संवाद जैसे कार्यक्रमों का आयोजन ग्रामीणों के द्वार पर जाकर किया जा रहा है। इस जन संवाद में सीईओ कुरुक्षेत्र से सम्बन्धित 1879, डीडीपीओ से सम्बन्धित 395, डीएमसी से सम्बन्धित 146, तहसीलदार थानेसर से सम्बन्धित 161 व अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायतें भी मिली है। इन शिकायतों का हर विभाग निर्धारित समय अवधि के अंदर निपटान कर रहा है। इसमें एक दो विभाग के पास अभी भी कुछ शिकायतें लम्बित है। इन शिकायतों का एचओडी व्यक्तिगत रूप से ध्यान देंगे और शिकायत का समाधान करने के उपरांत पोर्टल पर रिपोर्ट को अपडेट करेंगे। इस मामले में जरा सी भी लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए, क्योंकि मुख्यमंत्री स्वयं इस विषय को गंभीरता से लेकर कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि लोगों की शिकायतों का एक ही छत के नीचे समाधान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के आदेशानुसार हर सोमवार व वीरवार को जिला स्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है और हर शुक्रवार को मुख्यमंत्री या फिर एसीएस स्तर के अधिकारी समाधान शिविर को लेकर समीक्षा भी कर रहे है। इस समाधान शिविर में अब तक 6379 शिकायतें प्राप्त हुई है और 1184 शिकायतें किसी ना किसी कारण से रिजेक्ट हुई है और 143 शिकायतें अभी भी लंबित है। इसके अलावा 228 शिकायतें रिओपन की गई है। यह एक गंभीर विषय है, सभी अधिकारी आम नागरिक की शिकायत का समाधान करने के उपरांत संतुष्ट करना सुनिश्चित करे ताकि एक शिकायत दोबारा सामने ना आए। इसलिए एसडीएम और एचओडी इस विषय पर फोकस रखकर कार्य करना सुनिश्चित करेंगे।

**सोशल मीडिया की शिकायतों पर विशेष ध्यान दे अधिकारी**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोशल मीडिया (एसएमजीटी) पर फोटो व वीडियो सहित अपलोड हुई शिकायतों पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारी विशेष ध्यान दे और इस पोर्टल की शिकायतों का समाधान करके रिपोर्ट को फोटो सहित पोर्टल पर अपडेट करना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा सीपी ग्राम पोर्टल पर अब तक 28 शिकायतें लम्बित है, इन शिकायतों का सम्बन्धित विभाग के अधिकारी शीघ्र अति शीघ्र समाधान करेंगे और पोर्टल पर अपलोड करेंगे।

**टवीटर हैंडल का प्रयोग करे हर विभाग के अधिकारी**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि एसडीएम, डीएमसी, पीडब्लयूडी, बिजली विभाग, सीईओ जिला परिषद, सभी नगर परिषद व नगरपालिकाओं के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारी टवीटर हैंडल का प्रयोग करे और इस हैंडल को व्यक्तिगत रूप से प्रयोग करे ताकि हर अधिकारी डिजिटल प्लेटफार्म पर अपडेट रह सके।

### उदयन केयर होम व जीवन विश्वास बाल आश्रम का किया गया निरीक्षण


**कुरुक्षेत्र।** निरीक्षण के दौरान हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों मीना कुमारी व मांगे राम ने कुरुक्षेत्र जिले में में चल रहे उदयन केयर होम व जीवन विश्वास बाल आश्रम लाडवा का औचक निरीक्षण किया गया। संस्थानों में उनके द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थान में बच्चों को दी जाने वाली सभी प्रकार की सुविधा के बारे में जानकारी ली गई व संस्थानों में दिए जा रहे खान-पान की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया गया ताकि संस्थानों में रह रहे बच्चों को पौष्टिक आहार प्राप्त हो सके जो कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अत्यधिक आवश्यक है। उन्होंने संस्था में बच्चों से संबंधित कागजात, दस्तावेज, फाइल, रिकॉर्ड इत्यादि को चैक किया गया। उनके द्वारा संस्था में मौजूद स्टाफ व बच्चों को साफ-सफाई रखने बारे कहा गया व साथ ही बताया कि साफ-सफाई से बहुत सी बीमारियों से बचा जा सकता है। निरीक्षण के दौरान आयोग के सदस्यों मीना कुमारी व मांगे राम द्वारा संस्थान के इंचार्ज को दिशा-निर्देश दिए गए कि बच्चों का समय पर हेल्थ-चैकअप करवाया जाए व शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस मौके पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी इन्दू शर्मा, संरक्षण अधिकारी रीचा शर्मा, चेयरमैन कृष्ण पांचाल, सदस्य जगमोहन सिंह, सदस्य बाल कल्याण समिति व बाल देखरेख संस्थान का स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

### गुरुकुल में अंतरराष्ट्रीय हिन्दी ओलम्पियॉड के तहत हुई परीक्षा

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने हिन्दी विकास मंच, नई दिल्ली द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलम्पियॉड के तहत विद्यालय स्तर पर आयोजित परीक्षा में भाग लिया। छठी कक्षा से दसवीं तक के छात्रों ने इस परीक्षा में उत्साह से भाग लिया और बड़े शांतचित्त भाव से परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार एवं प्रार्चार्य सूबे प्रताप ने परीक्षा भवन का निरीक्षण किया और सफल आयोजन के लिए हिन्दी विभागाध्यक्ष कुलदीप मलिक सहित सहदेव, पवन कुमार एवं सत्यव्रत आर्य की प्रशंसा की। ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि ओएमआर सीट पर यह परीक्षा ली गई, जिसमें देशभर के हजारों छात्र अलग-अलग स्थानों पर सम्मिलित हुए। इससे छात्रों में कॉम्पिटेटिव एग्जाम के लिए आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने सभी छात्रों का उत्साहवर्धन भी किया।

# कॉटन पर आयात शुल्क हटाना किसानों के हितों पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


भाकियू के प्रदेश प्रवक्ता राकेश बैंस।

केंद्र सरकार द्वारा कॉटन पर 11% आयात शुल्क समाप्त करने के फैसले से देशभर के कपास किसानों में आक्रोश है। इस निर्णय के तुरंत बाद कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने दो दिनों में ही कपास के दामों में 1,100 रुपए प्रति कैंडी की कटौती कर दी। भारतीय किसान यूनियन के राष्टीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि यह फैसला टेक्सटाइल उद्योग को लाभ पहुंचाने और अमेरिका के दबाव में लिया गया है, जबकि इसका खामियाजा भारत के कपास किसानों को भुगतना पड़ेगा। अमेरिका भारत का दूसरा सबसे बड़ा कॉटन निर्यातक है और अब भारतीय बाजार में बाढ़ की तरह अमेरिकी कॉटन आएगा, जिससे घरेलू कीमतें और नीचे गिरेंगी। यह फैसला क्यों खतरनाक है? भारत में कपास की खेती लगातार घट रही है। साल 2024 से 25 मे आयात 107% की बढ़तोरी हुई जिस कारण से उत्पादन 390 लाख गांठ से घटकर 300 लाख गांठ पर आ गया है। खरीफ सीजन में कपास का रकबा 3.24 लाख हेक्टेयर घटा (पिछले साल से 2.91% कम)। जो किसान और व्यापारी उउक से ऊंचे दामों पर स्टॉक कर चुके हैं, वे बर्बाद हो जाएंगे। नई फसल के दाम भी दबाव में रहेंगे, जिससे किसानों को भारी नुकसान होगा। रूरल वॉयस की रिपोर्ट पहले ही चेतावनी दे चुकी थी कि आयात शुल्क हटते ही कीमतों में भारी गिरावट होगी झ यह अब सच साबित हो गया है। भाकियू मांग करती है कि कॉटन पर आयात शुल्क तुरंत बहाल किया जाए। कपास किसानों के लिए कानूनी टरढ गारंटी लागू की जाए। जिन किसानों और व्यापारियों ने ऊंचे दामों पर कॉटन खरीदी है, उनके नुकसान की भरपाई की जाए। कपास उत्पादन बढ़ाने के लिए बीज, सिंचाई और समर्थन नीति लागू की जाए।

**28 अगस्त को भिवानी में महत्वपूर्ण बैठक**

भाकियू के प्रदेश प्रवक्ता राकेश बैंस ने कहा कि यदि सरकार ने यह फैसला वापस नहीं लिया, तो भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) देशव्यापी आंदोलन शुरू करेगी। इसी को लेकर कपास बैलट 28 अगस्त 2025 को भिवानी में एक महत्त्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है, जिसमें आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। यह लड़ाई सिर्फ कपास किसानों की नहीं, बल्कि पूरे कृषि समुदाय के भविष्य की है। किसानों को बर्बाद करने वाले किसी भी फैसले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो सड़क से संसद तक संघर्ष होगा।

### हत्या का प्रयास करने के आरोपी को सुनाई 5 साल कैद की सजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने हत्या करने के आरोपी अरुण शर्मा उर्फ मोनू वासी कुरुक्षेत्र को आजीवन 5 साल कठोर कारावास व 10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि दिनांक 29 दिसम्बर 2023 को थाना कृष्णा गेट पुलिस को दी अपनी शिकायत में रमेश कुमार थानेसर कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसके पडोसी मोनू ने अपनी कार उसके घर के सामने खड़ी कर दी। जब उसने वहां कार खड़ी करने से उसको मना किया तो उसने उसके साथ गाली-गलौच करने लगा। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए डण्डे से काफी चोटे मारी।

# किसानों की तबाही पर डॉ. जसविंदर खैहरा ने डीसी से की भेंट, मुख्यमंत्री को भेजा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जेजेपी नेता डॉ. जसविंदर सिंह खैहरा ने कुरुक्षेत्र के नवनियुक्त उपायुक्त का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने उपायुक्त से लंबी चर्चा करते हुए किसानों की मौजूदा समस्याओं को उनके समक्ष विस्तार से रखा और मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम एक माँग पत्र सौंपा। डॉ. खैहरा ने कहा कि हाल ही में हुई भारी बरसात ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। मारकंडा नदी का तटबंध टूटने से पिहोवा और शाहबाद क्षेत्र के कई गाँवों में पानी भर गया, जिससे हजारों एकड़ खड़ी फसलें बर्बाद हो गईं। धान और मक्का जैसी फसलें, जिन पर किसान साल भर मेहनत और लागत लगाते हैं, पूरी तरह चौपट हो गईं। उन्होंने कहा कि गाँव-गाँव के किसानों की हालत बेहद दयनीय है। उनकी मेहनत, लागत और सपने कुछ ही घंटों में डूब गए हैं, जिसके चलते उनके सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने तक का संकट खड़ा हो गया है। डॉ. खैहरा ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए माँग की कि सरकार किसानों के दुख-दर्द को समझते हुए तुरंत विशेष गिरदावरी करवाए और जिन किसानों का नुकसान हुआ है, उन्हें शीघ्र उचित आर्थिक मुआवजा दिलवाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि केवल तात्कालिक राहत से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि भविष्य में इस प्रकार की आपदा से बचाव के लिए स्थायी उपाय करना बेहद आवश्यक है।

# ऑपरेशन सिंदूर वीर जवानों के अदम्य साहस व अद्वितीय शौर्य का जीवंत उदाहरणः प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** विद्यार्थियों को संबोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

हाल ही में संपन्न आपरेशन सिंदूर हमारे वीर जवानों के अदम्य साहस और अद्वितीय शौर्य का जीवंत उदाहरण है जहां उन्होंने दुर्गम परिस्थितियों में असाधारण पराक्रम और अनुशासन का परिचय देते हुए राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान को सर्वोपरि रखा। इस अभियान की सफलता हमारी सेना और हमारे शीर्षस्थ नेतृत्व के दृढ़ संकल्प, अटूट निष्ठा और मातृभूमि के प्रति उनके समर्पण का प्रमाण है। ये उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने गुरुवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा आडिटोरियम हाल में आपरेशन सिंदूर की सफलता को समर्पितः नवागंतुक छात्र स्वागत एवं उद्यमिता प्रोत्साहन समारोह में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इससे पहले कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, ब्रिगेडियर अनिल मोर, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर अनिल कुमार मोर ने सभी नवागंतुक छात्रों को जीवन में कड़ी मेहनत व समय के सदुपयोग तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं को भागीदार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में किया गया था। जिसमें भारतीय सेना द्वारा 6-7 मई की रात को पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया था।

**भजन पर जमकर थिरके श्रद्धालु**

# गीता ज्ञान संस्थान में मनाया कान्हा जी का छठ उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** भजन संध्या में झूमते श्रद्धालु।

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी की प्रेरणा से गीता ज्ञान संस्थानम् में कान्हा का छठ उत्सव धूमधाम और श्रद्धा से मनाया गया। इस उत्सव में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। शाहाबाद मारकंडा से आए प्रसिद्ध भजन गायक श्रवण राज द्वारा आज छठी मनाई कान्हा की, हुआ जन्म अष्टमी रात...... के भजन पर श्रद्धालु जमकर झूमे और नृत्य किया। छठ उत्सव का शुभारंभ डॉ. रजूल गोयल, ईशा गोयल, केडीबी के निवर्तमान मानक सचिव उपेंद्र सिंघल तथा सुरेंद्र चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया और कान्हा जी को पालने में झूला झुलाया। श्री कृष्ण कृपा गोशाला के प्रधान सुनील वत्स के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। कान्हा की छठ उत्सव में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिनमें महिलाओं की संख्या भी काफी थी। कान्हा जी को पालने में झूलाने के लिए लंबी लाइन लगी रही। राधा-कृष्ण भाव के भजनों से सारा वातावरण गूंज उठा और भक्तिमय हो गया। राधे-राधे जपा करो, कृष्ण नाम रस पिया करो के भजन का श्रद्धालुओं ने खूब आनंद उठाया। देर रात तक श्रद्धालु ने भजनों संध्या में बैठे रहे। कार्यक्रम के पश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। श्रीकृष्ण कृपा गोशाला के अध्यक्ष हंसराज सिंगला तथा गीता ज्ञान संस्थान के व्यस्थापक राजेंद्र चोपड़ा ने बताया कि 31 अगस्त को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी के सानिध्य में संस्थान में राधाष्टमी तथा श्री कृपा बिहारी जी का प्रकटोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

**शोभायात्रा 30 अगस्त को**

30 अगस्त दिन शनिवार को राधाष्टमी के पर्व पर शोभायात्रा गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी के सानिध्य में आयोजित होगी। इस शोभायात्रा में अनेक मनमोहक झांकियां शामिल होंगी। बैंड-बाजा और ढोल-नगाड़े की धुन के साथ यात्रा शाम 3 बजे गीता ज्ञान संस्थानम् से प्रारंभ होगी। नगर में जगह-जगह पर शोभायात्रा का विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और व्यापारिक संस्थाओं द्वारा भव्य स्वागत और पुष्प वर्षा की जाएगी। साथ ही स्वामी ज्ञानानंद जी का अभिनंदन किया जाएगा। शाम 7 बजे शोभायात्रा गीता ज्ञान संस्थानम् में पहुंचेगी, जहां पर भंडारा और प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। 31 अगस्त को राधाष्टमी के पर्व पर प्रातः 7 से 9 बजे तक राधा और कान्हा जी का भव्य अभिषेक होगा। इसके पश्चात गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी का आशीर्वचन प्राप्त होगा।

## खबर संक्षेप

### अनिल ने किया यूनिवर्सिटी में टॉप

**अंबाला।** अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के पंजाबी विभाग के छात्र अनिल कुमार ने यूनिवर्सिटी में टॉप किया है। कॉलेज प्रिंसिपल प्रो. डॉ. देसराज बाजवा ने अनिल कुमार की इस उपलब्धि पर उसे यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल पहना कर सम्मानित किया। बाजवा ने कहा अनिल कुमार की इस उपलब्धि से कॉलेज का नाम पूरे प्रदेश में रोशन हुआ है। उन्होंने अनिल कुमार व उसके परिजनों को बधाई दी। पंजाबी विभाग की प्रो नीलम ने बताया कि अनिल कुमार हर सेमेस्टर में यूनिवर्सिटी मेरिट लिस्ट में रहा। अब फाइनल मेरिट लिस्ट में उसने पूरी यूनिवर्सिटी में टॉप किया है।

### नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी के वासुदेव धाम श्री महाकाली मंदिर के पास से नशा तस्करी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी सुमित सरीन उर्फ सैम को 110 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-1 के इंस्पेक्टर हरजिंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने महाकाली मंदिर इंदिरा पार्क के पास नाकाबंदी कर आरोपी काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसे के कब्जे से हेरोइन जब्त की गई।

### चोरी के मामले का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अंकित को गिरफ्तार किया है। आरोपी से लैपटॉप व बूफर बरामद किया गया है। मामले में संलिप्त अन्य आरोपी को शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा। मलिकपुर के रोहित आर्य ने 21 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी आरोपी ने गांव मलिकपुर में स्थित उसके घर का ताला तोड़कर लैपटॉप, बूफर, स्पीकर, एलसीडी और गीजर इत्यादि चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के दो मामलों में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज चोरी की मोटरसाइकिल रखने के मामले में पुलिस ने आरोपी देव को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी देव के पास चोरी की मोटरसाइकिल है। वह उसे बेचने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस ने नन्यौला रोड मटेहड़ी शेखां के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है। इसके अतिरिक्त ने मोटरसाइकिल चोरी के एक अन्य मामले में आरोपी फतेह सिंह व जय सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### स्नेचिंग के मामले में आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज स्नेचिंग के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी हिमांशु व गोल्डी को गिरफ्तार किया है।दुखेड़ी के प्रवीण कुमार ने 19 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 अगस्त 2025 को अपनी बहन के घर से राखी बंधवाकर मछौंडा फाटक के पास से गुजर रहा था। सुनसान जगह से आरोपियों ने उससे मोटरसाइकिल व नकदी छीन ली। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### जहर देकर हत्या करने का गिरफ्तार



**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज हत्या के मामले में पुलिस लुधियाना की सलीम टापरी कॉलोनी के रहने वाले आरोपी विनोद कुमार उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया है। चौकी नंबर 1 के इंचार्ज जसबीर सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला ने 20 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी विनोद कुमार ने उसके पिता गजेंद्र वर्मा को पानी में सल्फास की गोली मिलाकर पिला दी जिससे उसकी मौत हो गई।

# स्कूल जाने के लिए सड़क पार कर रही दस साल की छात्रा को ट्रक ने कुचला, मौके पर ही मौत, गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर लगाया जाम, प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी



नारायणगढ़। हादसे के विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग पर डटे ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

■ सड़क पर फ्लाइओवर निर्माण की मांग, पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर सहमत हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

स्कूल जाने के लिए सड़क पार कर रही 10 वर्षीय बच्ची को तेज रफतार ट्रक ने कुचल दिया। बच्ची की मौका पर ही मौत हो गई। बच्ची की मौत की खबर सुनते ही मौका पर इकटठे हुए ग्रामीणों ने मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि वो लंबे समय से स्कूल में जाने के लिए सड़क पर एक फ्लाइओवर बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। मगर उनकी मांग पर किसी ने गौर नहीं किया। न ही यहां किसी सुरक्षा कर्मी को तैनात किया गया। अगर यहां कोई कर्मचारी तैनात होता तो शायद बच्ची की जान बच सकती थी। जाम की सूचना मिलते ही डीएसपी व थाना प्रभारी ने बिगड़ती स्थिति पर काबू पाने का प्रयास किया। ग्रामीणों को यह आश्वासन दिया कि फ्लाईओवर की डिमांड को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग के उच्चाधिकारियों से बातचीत की जाएगी। जब तक फ्लाइओवर का प्रस्ताव तैयार नहीं होता तब तक स्कूल प्रबंधन से बच्चों को स्कूल में आने जाने के लिए सड़क पार हेतु सुरक्षा कर्मी तैनात करवाया जाएगा। फिलहाल पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर ग्रामीण सहमत हो गए।

दरअसल शुक्रवार सुबह लगभग सवा आठ बजे कालाअंब स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ने वाली चौथी कक्षा की 10 वर्षीय छात्रा अपनी माता के साथ स्कूल जाने के लिए सड़क पार कर रही थी। तभी नारायणगढ़ की ओर से आए एक तेज रफतार ट्रक ने बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में बच्ची की मौका पर ही मौत हो गई । दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौका पर सैंकड़ों लोग इकटठे हो गए। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। इस दौरान प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। डीएसपी को ग्रामीणों ने बताया कि यहां स्कूल में आने जाने के लिए बच्चों को सड़क पार करनी पड़ती है। इसकी वजह से यहां हादसा होने का खतरा बना रहता। उन्होंने मांग की कि इस स्कूल में जाने के लिए एक फ्लाइओवर बनाया जाए ताकि भविष्य में ऐसा कोई हादसा न हो सके।पुलिस ने ट्रक व चालक भानू सिंह को कब्जे में लेकर उसके खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कस्बे में केबल चोर गिरोह सक्रिय, कार्रवाई की मांग

# कई ट्यूबवेलों से सबमर्सिबल की केबल काट ले गए चोर, किसानों को भारी नुकसान

■ चोर क्षेत्र में अब तक 50 से ज्यादा ट्यूबवेलों को बन चुके हैं निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

किसान अभी क्षेत्र हुई भारी बारिश से फसलों को हुए नुकसान से उभरे भी नहीं पाए थे कि अब चोरों ने कहर भरपा दिया। चोर यहां ट्यूबवेलों में लगे सबमर्सिबल की केबल को निशाना बना रहे हैं। बीते रोज चोरों ने क्षेत्र के कई किसानों के ट्यूबवेलों से सबमर्सिबल केबल काटकर चोरी कर ली। सुबह जब किसान खेतों में पहुंचे तो केबल कटे हुए मिले, जिससे सभी हैरान रह गए। इस घटना के बाद किसानों ने पुलिस को शिकायत दी है। यहां के रहने वाले किसान मुकेश, चेतन, प्रताप,रविंद्र ने कहा कि क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद है। चोरों ने ट्यूबवेलों से केबल रात के समय ही नहीं बल्कि दिनदहाड़े भी काट ली गई है। उन्होंने कहा कि उन के एक ट्यूबवेल से चोर शाम के चार बजे के करीब केबल काट फरार हो गए। किसानों ने आशंका जताई है कि इतनी बड़ी संख्या में ट्यूबवेलों से केबल काट चोरी करना किसी गिरोह का ही काम हो सकता है। दरअसल इस समय बारिश का दौर चल रहा है। खेतों में जलभराव है। इसके कारण किसानों का खेत मे आना कम हो रहा है। इस लिए केबल चोर सक्रिय हो गए है। किसान मुकेश ने कहा कि प्रत्येक किसान को दस से पंद्रह हजार रुपये का नुकसान हुआ है।उन्होंने कहा कि किसान पहले ही पानी की मार झेल रहा हैं। ऊपर से चोरी की वारदात उन के लिए परेशानी बन गई है। किसान मुकेश का कहना है कि क्षेत्र से करीब पचास ट्यूबवेलों से



मुलाना। सबमर्सिबल की चोरी की गई केबल दिखाते किसान। फोटो : हरिभूमि

### इन किसानों के ट्यूबवेलों से कटी केबल

चोर किसान अशोक सैनी के ट्यूबवेल से 80 फ्रीट, संजू सैनी के ट्यूबवेल से करीब 40 फ्रीट , रामचंद्र के ट्यूबवेल से करीब 40 फ्रीट, राजेंद्र सिंह के ट्यूबवेल से 50 फ्रीट ,चेतन के ट्यूबवेल से करीब 15 फ्रीट , रविंद्र सिंह के ट्यूबवेल से करीब 60 फ्रीट केबल काट चोर ले गए। इसी तरह अन्य किसानों के ट्यूबवेलों से भी केबल कटने की सूचना है । किसानों का कहना है कि एक केबल बदलवाने में हजारों रुपये खर्च होते हैं। इसकी वजह से किसानों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है।

### केबल चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही

हाल के दिनों में क्षेत्र में केबल चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। किसानों आरोप है कि क्षेत्र में केबल चोर गिरोह सक्रिय है जो रात के अंधेरे में खेतों को निशाना बनाता है और महंगे केबल चोरी कर ले जाता है। केबल चोरी होने से न सिर्फ भारी आर्थिक नुकसान होता है इस के साथ ही उन की परेशानी भी बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में बोर से मोटर निकाल दोबारा केबल डालनी पड़ जाती है । किसानों का कहना है कि वह पहले ही महंगे डीजल और खाद के दामों से परेशान हैं। अब केबल चोरी ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

### बसेरे की रात हुई चोरी



किसान सुनील ने बताया कि उन के ट्यूबवेल से करीब 8 मीटर केबल चोरी हुई है। सुनील ने बताया कि गांव में बसेरे की रात को केबल चोरी हुई है। किसान सुनील ने बताया कि उन खेतो पर बिहारी लेबर रहती है उन का फोन आया था कि खेतों में कुछ अजनबी लोग घुस आए है। जब वह वहां गए तब वह निकल चुके थे।
**-किसान सुनील**

### चोरों ने किया जीना मुहाल



किसान मुकेश ने बताया कि केबल चोरों ने किसानों का जीना दुश्वार किया हुआ है। मुकेश ने कहा कि चोर करीब 50 ट्यूबवेलों को निशाना बना केबल काट चुके है। उन्होंने अंदेशा जताया है कि यह बड़ा गिरोह हो सकता है जो कि बेखौफ हो केबल चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा है। दिनदहाड़े भी केबल काटी जा रही है। **-किसान मुकेश।**



बराडा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

### छात्रों को सरल व सहज तरीके से अंग्रेजी बोलने के टिप्स दिए गए

**बराडा।** डीएवी विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु कम्युनिकेशन स्किल्स एंड पर्सनेलिटी डिवेलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरविंदर सेठी टीम के साथ पहुंचीं। टीम ने विद्यार्थियों को अंग्रेजी बोलने के सहज और सरल तरीकों से अवगत कराया। पर्सनेलिटी निखारने के उपयोगी टिप्स भी दिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे गए। विजयी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कपूर ने कहा कि केवल किताबों का ज्ञान बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पर्याप्त नहीं है।



### प्लेसमेंट ड्राइव में 47 प्रशिक्षु चयनित

**शहजादपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई.) भारांपुर में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में देश की प्रमुख दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकोर्प लिमिटेड ने भाग लिया। इस अवसर पर कंपनी के एचआर राज कुमार यादव टीम मैनेजर जितेश गुप्ता, सुंदर सिंह व शंकर सिंह रावत उपस्थित रहे । भर्ती प्रक्रिया में संस्थान के प्रशिक्षुओं साथ-साथ अन्य संस्थानों के पासआउट प्रशिक्षुओं सहित लगभग 80 प्रशिक्षुओं ने हिस्सा लिया। इसमें से 47 प्रशिक्षु चयनित किए गए। संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी राकेश कुमार ने प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम हमारे प्रशिक्षुओं की गुणवत्ता, अनुशासन एवं व्यावहारिक कौशल का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आईटीआई. भारांपुर सदैव अपने प्रशिक्षुओं को रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रदान करने और उन्हें सफल करियर से जोडने के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर महेश चंद्र ने कहा कि इस प्रकार की प्लेसमेंट गतिविधियां भविष्य में भी जारी रहेंगी।

*श्री सनातन धर्म दशहरा सभा की कार्यकारिणी बैठक में लिया गया निर्णय*

# सेक्टर 8 की हुडा मार्केट में धूमधाम से मनाया जाएगा दशहरा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर की श्री सनातन धर्म दशहरा सभा की कार्यकारिणी बैठक सेक्टर 9 के अग्रवाल भवन में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 2 अक्तूबर को बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक दशहरा पर्व गत वर्षों की भांति इस बार भी हुडा मार्केट सेक्टर–8 में बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। सभा के अध्यक्ष मुकेश ऐबट ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारतीय संस्कृति और इतिहास से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि ऐसे मेलों के माध्यम से बच्चों को सही–गलत एवं अच्छे–बुरे का अंतर समझने का अवसर मिलता है। सभा के संरक्षक अमरदीप सिंगला ने कहा कि सेक्टर–8 का यह दशहरा महोत्सव सबसे लोकप्रिय आयोजन है। इसमें शहर ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों से भी हजारों लोग परिवार सहित शामिल होते हैं। मेले के दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो जाता है। मार्केट के चारों ओर छोटे दुकानदार बच्चों के लिए खिलौने, मुखौटे, धनुष–बाण, त्रिशूल आदि बेचते हुए अपनी आजीविका चलाते हैं। चमन अग्रवाल ने बताया कि मेले से पूर्व मानव रंगमंच की टीम द्वारा मानव चौक पर रामलीला का मंचन किया जाएगा। तत्पश्चात रामचंद्र की शोभायात्रा रथों पर सुसज्जित होकर निकलती है। हुडा ग्राउंड पहुंचकर रावण, कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाता है। सभा के महासचिव डॉ. सौरभ गुप्ता ने सभी राम भक्तों से इस भव्य दशहरा महोत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की, ताकि वे अपने परिवार सहित अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त कर सकें। बैठक में कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, केएल. गुलाटी, संजय बत्रा, संजीव बंसल, प्रमोद जिंदल, राजेश बंसल एवं अजय गुप्ता उपस्थित रहे।



अंबाला। मीटिंग के दौरान मौजूद सभा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि



बराड़ा। प्रतियोगिता में विजेता रही लड़कियां।

### पोस्टर मेकिंग में शरणदीप कौर ने मारी बाजी

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में उद्यमिता दिवस पखवाड़े के दूसरे दिन कॉलेज प्रांगण में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने व्यावसायिक विचारों को आकर्षक पोस्टरों में प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। छात्राओं की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों ने निर्णायकों को निर्णय लेने में कठिनाई में डाल दिया। परिणाम घोषित करते हुए शरणप्रीत कौर ने प्रथम स्थान, दिशा ने द्वितीय स्थान, लवप्रीत ने तृतीय स्थान तथा स्मृति ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।



शहजादपुर। विजेता छात्राओं को सम्मानित करते शिक्षक।

### रैगिंग के खिलाफ छात्राओं को दिलवाई गई शपथ

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में कॉलेज प्राचार्य डॉ. कश्मीर सिंह की अध्यक्षता और मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त निर्देशों की अनुपालना करते हुए एंटी-रैगिंग सप्ताह का आयोजन किया गया। समिति संयोजक प्रो. सोनिया के नेतृत्व और समन्वय में सप्ताह के प्रथम दिन एंटी-रैगिंग डे के अवसर पर एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में छात्राओं को रैगिंग विरोधी शपथ दिलवाई गई। इसके पश्च्यात एंटी-रैगिंग विषय पर जानकारी और जागरूकतापूर्ण एक लघु फिल्म दिखाई गई। प्रतियोगी गतिविधियों के अंतर्गत सम्मान करें, रैगिंग नहीं विषय पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के विजेता छात्राओं को प्रमाणपत्र एवं नगद पुरस्कार भी प्रदान किए गए।



अंबाला। विजेता छात्रों को सम्मानित करते प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

### पोस्टर मेकिंग में निशु ने मारी बाजी, स्लोगन लेखन में पुष्कर विजेता

**अंबाला।** राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में हरियाणा सरकार के दिए गए निर्देशों के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान कमेटी के द्वारा स्लोगन लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया । इस प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० डॉ. देसराज बजवा के कुशल निर्देशन में किया गया । प्राचार्य ने सरकार की इस पहल का समर्थन करते हुए विद्यार्थियों को नशा मुक्ति अभियान से जुड़ने की अपील की । उन्होंने समाज को नशा मुक्त करने में युवाओं की भूमिका को सबसे महत्वपूर्ण बताया । इस कार्यक्रम में विभिन्न संकायो से 60 से अधिक विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । इस कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. पूनम राजौरा एवं आयोजक समिति के सदस्य प्रो. नेहा, प्रो. उमा , प्रो. नीलम, प्रो. इंद्रेश, प्रो. नीरू भटिया, प्रो. समीक्षा, प्रो. रितेश, प्रो. श्रुति ने विशेष योगदान दिया ।कार्यक्रम के अंत में स्लोगन लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए जो कि इस प्रकार से रहे, पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान निशु, द्वित्य स्थान प्राची,एवं त्रुटि स्थान वंश ने प्राप्त किया । स्लोगन लेखन में प्रथम पुष्कर, द्वितीय हिमांशी एवं तृतीय स्थान शकून ने प्राप्त किया ।

**शिविर** डीएवी कॉलेज में हर साल रक्तदान शिविर का होता है आयोजन

*कॉलेज प्राचार्य प्रो. राजीव महाजन ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ*

# शहीद मेजर अमित आहूजा की पुण्य तिथि पर 65 छात्रों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज में शहीद मेजर अमित आहूजा की 24वीं पुण्यतिथि पर एनएसएस इकाइयों, यूथ रेडक्रॉस, रोड सेफ्टी क्लब और मेजर अमित आहूजा चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर लगाया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. राजीव महाजन ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर शहीद मेजर अमित आहूजा के भाई अतुल आहूजा, संगीता आहूजा, शैलेश कुमार, मिशन अस्पताल से डायरेक्टर डॉ. सुनील सादिक, बरखा राम तथा अन्य सदस्यों व डीएवी महाविद्यालय के शिक्षकों ने शहीद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। शहीद अमित आहूजा के भाई अतुल आहूजा ने 74वीं बार रक्तदान कर सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आग्रह किया कि इस रक्तदान शिविर को हर वर्ष इसी भांति सुचारू रखा जाए। इस मौके पर एनएसएस, यूथ रेडक्रॉस, रोड सेफ्टी कलब के वालंटियर्स के अतिरिक्त महाविद्यालय से अंग्रेज सिंह और अवतार सिंह ने रक्तदान किया। मिशन अस्पताल की ब्लड बैंक की टीम ने 65 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर के सफल आयोजन में एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी डॉ. प्रियंका चौधरी और डॉ. खुशबू मल्होत्रा, यूथ रेडक्रास से डॉ. शालू गुप्ता , रोड सेफ्टी क्लब से डॉ. दर्शन लाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने सभी को इस बात से अवगत करवाया कि यह ब्लड डोनेशन कार्यक्रम हर वर्ष मेजर अमित आहूजा की स्मृति में डीएवी कॉलेज में आयोजित किया जाता है। आगे भी आयोजित किया जाता रहेगा। कार्यक्रम में डा. आरएस परमार, डॉ. रेखा शर्मा, प्रो. मोनिका शर्मा, डॉ. विजेंद्र, डॉ. गरिमा सुमरान, प्रो. शिवानी डावर, डॉ. मधु गोयल, डॉ. सुभाष शर्मा, डॉ. सुखदेव मौजूद रहे।



अंबाला। रक्तदान करने वालों को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि